दिप्रिंट

एसएलएमसी की अगले साल आईपीओ लाने की योजना

भाषा 22 October, 2023 07:05 pm IST

Like 0

नयी दिल्ली, 22 अक्टूबर (भाषा) सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (एसएलसीएम) कारोबार विस्तार के लिए करीब 700 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 2024 के मध्य में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की योजना बना रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एसएलसीएम बैंकरों के साथ बातचीत कर रही है और निदेशक मंडल से आईपीओ योजना के लिए मंजूरी मांगेगी।

यह कृषि क्षेत्र का एक विशिष्ट आईपीओ है। कंपनी अपने एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी) और भंडारण कारोबार के विस्तार के लिए धन जुटाने पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि धनराशि प्राथमिक तथा द्वितीयक दोनों बाजारों से जुटाई जाएगी।

एसएलसीएम के किसी प्रतिनिधि ने अभी तक इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

भाषा निहारिका अनुराग

अनुराग

यह खबर 'भाषा' न्यूज़ एजेंसी से 'ऑटो-फीड' द्वारा ली गई है. इसके कंटेंट के लिए दिप्रिंट जिम्मेदार नहीं है.

TAGS